वन उत्पादकता संस्थान, रांची

71 वां गणतंत्र दिवस समारोह 2020

वन उत्पादकता संस्थान रांची में 71वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया तथा गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये गये | संस्थान के निदेशक, डा. नितिन कुलकर्णी के द्वारा पूर्वाहन 9.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया| इस अवसर पर संस्थान के अन्य केन्द्रों में (Environmental Research Station, Sukna, Forest Research Extension Centre, Patna, Forest Research Center, Mandar एवं N. B. Farm, Chandwa) भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया एव राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया|

संस्थान के निदेशक महोदय ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा भारतीय संविधान के 70 पूर्ण होने के उपलक्ष में इस पूर्ण वर्ष को भारत सरकार के निर्देशानुसार संविधान जागरूकता वर्ष के रूप में मनाए जाने की जानकारी दी| इस कार्यक्रम के अंतर्गत संविधान के कर्तव्य एवं अधिकारों की जागरूकता के लिए भारत सरकार द्वारा चलाये गए अभियान के अंतर्गत सतत एक वर्ष संस्थान के साथ- साथ आस-पास तथा विद्यालयों के विद्यार्थियों को विशेष रूप में कर्तव्य के बारे में जागरूकता के लिए भी प्रतिमाह कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी दी|

निदेशक ने झंडोतोलन स्थल से वर्तमान में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विश्व की बड़ी समस्या को बताते हुए वानिकी अनुसंधान को बढ़ावा देने की बात कही| संस्थान के निदेशक ने सभी वरिष्ठ वैज्ञानिक, अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को सबोधन में अन्य विषयों पर चर्चा के अलावा यह भी कहा कि **प्रकृति** को सुरक्षित रखने के लिए वन, वन पर्यावरण को स्वस्थ रखने के लिए आम

लोगों एवं विद्यार्थियों में जागरूकता लाने की आवश्यकता है| हाल ही में हुए समझोता ज्ञापन (MoU) का उल्लेख करते हुए कहा कि इस हेतु संस्थान एवं अन्य विद्यालय संगठनों द्वारा द्विपक्षीय प्रयास किये जा रहे हैं| संस्थान के निदेशक अपने संबोधन में देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कर रहा है तथा देश में वानिकी का भी विस्तार हुआ है इस पर विचार व्यक्त किये । साथ ही इसके लिए संस्थान द्वारा वानिकी अनुसंधान पर और अधिक सघनता से कार्य किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया|

इन्होने उन महापुरुषों की भी चर्चा की जिन्होने हमें और हमारे देश को आजादी दिलायी और उन्हे भी याद किया गया जिनके कारण हम आज सभी देशवासी चैन की नींद सोते हैं| इन्होने घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहारादून द्वारा संस्थान के वैज्ञानिक,अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके गुणवत्ता पूर्ण कार्यालय कार्य में योगदान के लिए पारितोषिक सम्मान देने का निर्णय लिया गया| इस अवसर पर गुणवत्ता पूर्ण कार्यालय कार्य में योगदान के लिए अनुसंधान अनुभाग के श्री राजीव रंजन, तकनीकी अधिकारी को संस्थान द्वारा उत्कृष्ठ कार्यालय कार्य में योगदान हेतु “ICFRE AWARD OF EXCELLANCE” पारितोषिक सम्मान से सम्मानित किया गया|

संस्थान के निदेशक ने संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों, अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के द्वारा संस्थान की प्रगति हेतु सतत प्रयास की सराहना की एवं भविष्य में ऐसे ही सतत एवं लगनशील प्रयत्न करने का आवहान किया तथा साथ ही साथ गणतंत्र दिवस की बधाई दी|

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया| जिसमें संस्थान के कर्मचारियों एवं बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमे कविता पाठ एवं देशभक्ति गीतों का प्रस्तुती दी गयी| मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया|

वन उत्पादकता संस्थान, रांची

वन उत्पादकता संस्थान के 71वें गणतंत्र दिवस समारोह की झलकिया

वन उत्पादकता संस्थान, रांची

71वें गणतंत्र दिवस समारोह लाह बीज फार्म,चँदवा की झलकिया

वन उत्पादकता संस्थान, रांची

71वें गणतंत्र दिवस समारोह वन अनुसंधान केंद्र, मांडर की झलकिया